तापमान

अधिकतम 14 .5 डिग्री
न्यूनतम 4 .9 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, मंगलवार, 23 जनवरी 2024

11 पर्यावरण को शुद्ध करने में दें अपना योगदान



12 राम के वेष में लगाई जुआं के ग्रामीणों ने न्याय की गुहार



## खबर संक्षेप



खरखौदा। होटल में रजिस्टर की जांच करते सुरक्षाकर्मी।

### सुरक्षा एजेंसियों ने जांच अभियान चलाया

**खरखौदा।** आईबी, सीआईडी व सुरक्षा शाखा ने सोमवार को खरखौदा के होटलों, ढाबों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। आईबी के सब इंस्पेक्टर तिलकराज ने बताया कि गणतंत्र दिवस की सुरक्षा को लेकर यह जांच पड़ताल की जा रही है। स्पष्ट है कि नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करना उनके विभाग की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि यदि किसी भी स्थान पर कोई संदिग्ध व्यक्ति नजर आता है, तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस तक पहुंचाई जाए।

### नालियों पर लगाए गए लोहे के जाल चोरी

**सोनीपत।** मोहाना थाना क्षेत्र के गांव गुहणा में पंचायत की तरफ से नालियों पर लगाएं लोहे के जाल चोरी होने का मामला सामने आया है। गांव के सरपंच ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। गांव गुहणा निवासी मंजू ने बताया कि वह गांव की मौजूदा समय में सरपंच है। पंचायत विभाग की तरफ से गांव में विकास कार्यो के दौरान नाले-नालियों पर लोहे के जाल लगाएं थे। चोरों ने नालों पर लगे करीब आठ जाल चोरी कर लिए।

### टेनिस बॉल क्रिकेट में लड़कियों की टीम प्रथम

**गोहाना।** 11वीं राज्य स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में लडकों में रोहतक जिले और लड़कियों में सोनीपत जिले की टीम प्रथम रहीं। हरियाणा टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में दो दिन की यह स्टेट चैम्पियनशिप गोहाना शहर के चौ. देवीलाल स्टेडियम में सम्पन्न हुई।शन विरमानी, सोनीपत मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन राजबीर दहिया, दीपेंद्र हुड्डा ब्रिगेड के प्रदेश महासचिव रणदीप उर्फ नान्हा मलिक के साथ समाजसेवी सतीश शर्मा रहे। लड़कियों के वर्ग में सोनीपत की टीम ने रोहतक की टीम को 15 रन से हरा दिया। तीसरे स्थान पर पलवल जिले और गुरुग्राम जिले की टीमें रहीं।

### पर्यावरण मित्र मंडली ने निकाली रैली

**सोनीपत।** पर्यावरण मित्र मंडली ने सोमवार को रैली निकाली। भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर निकाली गई रैली का संचालन पर्यावरण मित्र देवेंद्र सूरा के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान गोहाना रोड से शुरू हुई रैली का समापन वापस गोहाना रोड पर ही किया गया।

# राम नाम की धुन में झूमा सोनीपत, हर चौक-चौराहे पर कार्यक्रम, लगे भंडारे

जिलेभर में कार्यक्रमों का आयोजन, हर कोई बना रामनाम के कार्यक्रमों का हिस्सा

- कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने सुंदरकांड के पाठ किए तो कहीं आरती व संकीर्तन हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बेशक से राम लला की प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में हो रही थी, लेकिन सोनीपत में भी उत्सव सा माहौल रहा। जिले भर में शायद ही ऐसा कोई चौक-चौराहा हो, जहां पर भगवान श्री राम के नाम पर कार्यक्रम का आयोजन ना किया गया हो।

सभी सामाजिक व धार्मिक संगठन किसी ना किसी रूप में भगवान श्री राम के नाम पर कार्यक्रमों का हिस्सा रहे। जिले भर में जगह-जगह हुए कार्यक्रमों की वजह से जिला राममय हो गया। मंदिरों में सुबह-पूजन के साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों व संस्थाओं की तरफ से दिन भर भंडारे चलाए गए। शहर में कई स्थानों पर अयोध्या में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा बड़ी स्क्रीन पर लाइव दिखाया गया। जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ जुटी रही। शहर के कामी रोड स्थित रामलीला मैदान में पांच संस्थाओं की तरफ से श्री सुंदरकांड पंच कुंडीय यज्ञ किया गया।

इस दौरान भव्य आतिशबाजी की गई। शहर से लेकर गांव तक माहौल राममय बना रहा। हर चौक-चौराहों पर भगवान राम के झंडे लगाए गए हैं। हर तरफ भगवान श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे।

जैसे ही अयोध्या में रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम प्रारंभ हुई, वैसे ही जिले भर के मंदिरों में भी शंखनाद के साथ हवन-पूजन व आरती का दौर शुरू हो गया। सप्ताह भर से तैयारियां का सीधा सा असर कार्यक्रमों में दिखाई दिया। शहर भर में जगह-जगह एक से बढ़कर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कहीं श्री सुंदरकांड के पाठ हुए तो कहीं आरती व कीर्तन हुए। वहीं कई स्थानों पर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की गई। वहीं भंडारों का दौर तो लगभग पूरा दिन ही चलता रहा।



### लोगों ने मनाई दीपावली खूब की आतिशबाजी

जिस प्रकार से लोगों से आज का दिन दीपावली की भांति मनाने की अपील की जा रही थी। उसका असर ये रहा कि जिले भर में लगभग सभी लोगों ने अपने घरों के आगे दीये जलाए। इसके साथ ही जिले भर में देर शाम आतिशबाजियां भी की गई। हर गली मोहल्ले में आतिशबाजी की गई।

इसके अलावा मंदिर भी आकर्षक तरीके से सजाए गए। रात में सभी मंदिरों की शोभा देखते ही बन रही थी। शहर के सभी चौक-चौराहे भी राममय नजर आ रहे थे।



सोनीपत। रामलला की अयोध्या में हुई प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में शहर के खाटू श्याम मंदिर में उमड़ी लोगों की भीड़ तथा मंदिर में तैयार किया जा रहा प्रसाद। *फोटो : हरिभूमि*

### दिल्ली विद्यापीठ में किया रामलीला का मंचन

दिल्ली विद्यापीठ ने अयोध्या में राम लला के आगमन दिवस पर दीप जलाकर और राम लीला का मंचन करके किया गया। बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। रामलीला के मंचन से पूर्व विद्यालय संचालक वीर सिंह सैनी एवं प्रधानाचार्या अराधना ग्रोवर ने श्री राम की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवम दीप प्रज्वलित किया। उन्होंने मयार्दा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र के विषय में बच्चो को बताते हुए कहा कि उन्होंने आजीवन मयार्दा का पालन किया। अंत में सारे विद्यालय को दीपों से आलोकित किया।

## सिद्ध पीठ श्री लक्ष्मी नारायण बालाजी मंदिर में लोगों ने चखा भंडारा

**सोनीपत।** महावीर कॉलोनी स्थित सिद्ध पीठ श्री लक्ष्मी नारायण बालाजी मंदिर में हवन यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक देवराज दीवान के सुपुत्र कमल दीवान ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। मंदिर समिति के प्रधान सुरेश भारद्वाज ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विकास खत्री, राजकरण शर्मा, संजीव बत्रा, अशोक अरोड़ा, संजय कुकड़ेजा, सतबीर निर्माण, कर्मबीर सरोहा, हनुमान वर्मा, सुरेंद्र अरोड़ा, सुरेंद्र गंभीर, मेहरचंद मानिक, राजेश भारद्वाज, आनंद लाकड़ा, मुकेश भोला, हरगोविंद गंभीर, संदीप भारद्वाज, प्रदीप भारद्वाज, आदि मौजूद रहे।

### मंडली ने निकाली रैली

पर्यावरण मित्र मंडली ने सोमवार को रैली निकाली। भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर निकाली गई रैली का संचालन पर्यावरण मित्र देवेंद्र सूरा के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान गोहाना रोड से शुरू हुई रैली का समापन वापस गोहाना रोड पर ही किया गया। रैली शहर के प्रमुख चौक-चौराहों से गुजरी।



सोनीपत। मंदिर में हवन यज्ञ करते हुए प्रधान एवं अन्य।



सोनीपत। ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में भजन-कीर्तन करतीं अध्यापिकाएं।

### जी3 में मनाया उत्सव

ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव भक्ति भाव के साथ मनाया गया। भगवान राम की भक्ति में भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर स्कूल की अध्यापिकाएं झूमती नजर आई। इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने भगवान राम की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर भजन-कीर्तन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर प्राचार्या गीता चोपड़ा के साथ अध्यापिकाओं ने विभिन्न वाद्ययंत्रों के साथ भगवान राम के जीवन से जुड़े भजनों को प्रस्तुत कर माहौल को राममय बना दिया।

### रोटरी सेंटर में हवन

आज श्रीरामलला जी की राम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रोटरी क्लब सोनीपत मिडटाउन द्वारा रोटरी सेंटर में हवन कराया गया और आमजन के लिये भंडारा लगाया गया। क्लब द्वारा दीयो और श्रीराम ध्वज का वितरण भी किया गया। क्लब प्रेसिडेंट रविंद्र भारद्वाज ने बताया इस दौरान अयोध्या से सीधे पर्सारण की वयवस्था भी की गई है। इस अवसर पर क्लब एसिस्टेंट गवर्नर राकेश देवगन, संदीप जेटली, मुख्त्यार सिंह, समीर पपनेजा, पुलकित जैन, कमल वर्मा, अँकिता खन्ना, सीमा देवगण, मेहर कौर, गीता जेटली और पूजा भारद्वाज उपस्थित रहे।

### राम आगमन का स्वागत

साउथ पॉइंट स्कूल में शनिवार को भगवान श्रीराम के आगमन को भव्य उत्सव के रूप में मनाया गया। नन्हे विद्यार्थी भगवान श्रीराम, लक्ष्मण व माता सीता की वेशभूषा में सजे। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने तिलक कर भगवान राम, लक्ष्मण व सीता मैया से आशीर्वाद लिया।ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने सभी को रामलला के आगमन की बधाई दी। इस दौरान एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री, मुख्य कार्यकारी अधिकारी भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने भी आयोजन व विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की जमकर सराहना की। उन्होंने राम मंदिर के निर्माण को लेकर अयोध्या में हुए आंदोलन के बारे में बताया।

## डीसीआरयूएसटी शिक्षक आज से देंगे धरना

- लंबे समय से पदोन्नति न होने से पनपा असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,मुरथल के शिक्षकों की समय पर पदोन्नति न होने व अन्य लंबित मागों के पूर्ण न होने से शिक्षकों में असंतोष है। शिक्षक अपनी लंबित मांगों को लेकर मंगलवार से प्रशासनिक भवन के सामने अनिश्चितकालीन धरना देगें।डीक्रूटा का कहना है विश्वविद्यालय प्रशासन के बार बार आश्वासन के बाद भी लंबित मांगों पर कोई सकारात्मक कारवाई नहीं हुई है। शिक्षकों की जायज लंबित मांगे ज्यों की त्यों बनी हुई है। इससे विश्वविद्यालय के शिक्षकों में असंतोष का माहौल पैदा हो गया है। डीक्रूटा का आरोप है कि प्रदेश सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा पत्र आने के बावजूद भी विश्वविद्यालय प्रशासन कोई भी कारवाई नहीं कर रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा नए नियम स्पष्ट रूप से जारी करने के बाद भी, विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा नियमों को लागू करने के लिए तोड़ मरोड़ कर लंबा करने का प्रयास किया जा रहा है,जिसको शिक्षक कभी भी स्वीकार नहीं करेंगे। डीक्रूटा ने अपनी लंबित मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर जाने का निर्णय लिया है। इस दौरान शिक्षक किसी भी प्रकार का शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कार्य नहीं किया जाएगा।

## रिसोर्ट में अर्द्धनग्न मिले युवक और विदेशी युवती के शव

- पुलिस ने कमरे से शराब व फ्लेवर हुक्का किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कामी सड़क मार्ग स्थित मेरा गांव मेरा देश रिसोर्ट में कमरे के अंदर दिल्ली के युवक व विदेशी युवती के शव पुलिस ने बरामद किए है। रिसोर्ट के कमरा नंबर-14 में दोनों के शवों को अर्द्धनग्न अवस्था में बरामद किया गया है। पुलिस ने युवक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। वहीं युवती के परिजनों को बुलाने के लिए एम्बेसी में पत्राचार किया गया है। युवती की चचेरी बहन दिल्ली में रह रही है। उसके आने के बाद पोस्टमार्टम कार्रवाई की जाएगी। गांव कामी के पास स्थित मेरा गांव मेरा देश रिसोर्ट में रविवार रात साढ़े 8 बजे एक युवक-युवती ने कमरा नंबर-14 बुक कराया था। युवक की तरफ दी गई आईडी में उसकी पहचान दिल्ली के अशोक विहार स्थित नीमड़ी कॉलोनी निवासी हिमांशु (26) के रूप में हुई थी। वहीं युवती की आईडी में उसका पता उज्बेकिस्तान के फरगना क्षेत्र निवासी अब्दुलायेवा मखिलओ (32) के रूप में लिखा है। वह भी दिल्ली में रह रही थी। सोमवार तड़के करीब साढ़े चार बजे दोनों कमरे में मृत अवस्था में मिले। युवक का शव बाथरूम के बाहर पड़ा था और युवती बिस्तर पर थी। दोनों अर्धनग्न अवस्था में मिले है। कर्मियों ने शवों को देखकर मामले से पुलिस को अवगत कराया। युवक के परिजनों ने बताया है युवती युवक की जानकार थी। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। पुलिस टीम ने मौके से शराब की बोतल, फ्लेवर हुक्का व अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस ने उन्हें कब्जे में लिया है। पुलिस का कहना है कि आशंका है कि दम घुटकर भी मौत हो सकती है। हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम में युवक की मौत के कारण स्पष्ट नहीं हुए है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद विसरा जांच के लिए भेजा जायेगा। रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सही पता लग सकेगा।

### उज्बेकिस्तान की थी युवती



पुलिस ने युवती के पोस्टमार्टम के लिए एम्बेसी में संपर्क किया है। साथ ही पुलिस को युवती की चचेरी बहन के दिल्ली में होने की जानकारी मिली तो उससे भी बातचीत की गई है। हालांकि देर शाम तक एम्बेसी से कोई अधिकारी व युवती की चचेरी बहन नहीं पहुंची थी। उनके आने के बाद पोस्टमार्टम कराया

### तीन दिन बाद थी बहन की शादी

अस्पताल में पहुंचे परिचितों ने बताया कि हिमांशु परिवार का इकलौता बेटा था। उनकी एक बहन है। उनकी बहन की 25 जनवरी को शादी होनी है। दो दिन पहले ही बहन की सगाई थी। उन्होंने बताया कि दो दिन पहले हिमांशु ने कार खरीदी थी। वह नई कार लेकर सोनीपत आया था। घर में शाद‍ी को लेकर खुशियां मनाई जा रही थी। जोकि हिमांशु की मौत के बाद मातम में बदल गई।

### एंबेसी से पत्राचार किया

कमरे में संदिग्ध हालत में दोनों के शवों को बरामद किया गया है। घटना स्थल से एफएसएल व पुलिस ने जरूरी नमूने एकत्रित किए गए है। जिन्हें सील कर दिया गया है। युवक के शव का पोस्टमार्टम करवा दिया गया है। वहीं युवती विदेशी मूल की होने के चलते परिजनों को जानकारी देने के लिए एंबेसी में पत्राचार किया गया है।
- **कर्मजीत सिंह**, प्रभारी सदर थाना।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में परामर्श बैठक का आयोजन

# दिल्ली-अमृतसर उच्च गति रेल परियोजना पर चर्चा

- पीपीटी के माध्यम से परियोजना की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नेशनल हाई स्पीड रेल कॉपोरेशन लिमिटिड द्वारा लघु सचिवालय में प्रस्तावित दिल्ली-अमृतसर उच्च गति रेल परियोजना को लेकर परामर्श बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न गांवों के किसानों भाग लिया, जिनकों एक पीपीटी के माध्यम से इस परियोजना की संपूर्ण जानकारी दी गई और इस बारे में उनसे परामर्श भी लिया गया। बैठक में किसानों द्वारा पूछे गए सवालों का भी उत्तर दिया गया। इस दौरान बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने कहा कि इस परियोजना के लिए तैयार की जा रही बजट रिपोर्ट में ये बात अवश्य डाली जाए कि इस परियोजना के निर्माण के समय गांवों के रास्तों का प्रयोग किया जाता है और निर्माण कार्य में प्रयोग होने वाले भारी वाहनों के कारण वो रोड़ टूट जाते हैं तो उनको कार्य पूरा होने के बाद संबंधित कंपनी द्वारा उन सड़कों व रास्तों को पहले जैसे स्थित में तैयार करवाया जाएं ताकि गांवों के लोगों को आने-जाने में परेशानी न हो। इस मौके पर एसडीएम अमित कुमार, डीआरओ हरिओम अत्री सहित नेशनल हाई स्पीड रेल कॉपोरेशन लिमिटिड से अधिकारी अनुराग सिंघल, शैरीन के, पदमिनी चौहान, राजीव कुमार व किसान मौजूद रहे।





सोनीपत। बैठक के दौरान मंच पर उपस्थित अधिकारीगण।

### इन गांवों से गुजरेगी प्रस्तावित रेल

प्रस्तावित दिल्ली-अमृतसर उच्च गति रेल परियोजना जिला के कुल 34 गांवों से होकर गुजरेगी। इन गांवों में फिरोजपुर बांगर, झिंझौली, हलालपुर, नाहरा, मंडौरा, गढ़ी बाला, बिंधरौली, भवापुर, नसीरपुर, रोहट, हरसाना कलां, बैंयापुर, लहराड़ा, ककरोई, महलाना, गढ़ी ब्रह्मद्दणान, सोनीपत, उल्देपुर, ठरू, शहजादपुर, सांदल खुर्द, सांदल कलां, चटिया ओल्यिा, पांची जाटान, उदेशीपुर, अगवानपुर, मछरौली, गुमढ़, गन्नौर, खीजरपुर अहीर, खेड़ी गुज्जर, जफरपुर आदि गांवों से रेल गुजरेगी।

### जिले में परियोजना की 43 किमी लंबाई

दिल्ली-अमृतसर उच्च गति रेल परियोजना की कुल लंबाई 474.772 किलोमीटर होगी और यह पूरी तरह एलिवेटेड होगी और इसमें बनने वाले पीलरों की ऊंचाई 09 से 15 मीटर और चौडाई 17.5 मीटर होगी। इस परियोजना के तहत जिले में एक स्टेशन बनेगा जो गांव हरसाना कलां व बैंयापुर में प्रस्तावित है। जिले में इस उच्च गति रेल परियोजना की लंबाई लगभग 43 किलोमीटर होगी और यह जिला के कुल 34 गांवों से होकर गुजरेगी। इस परियोजना के लिए कुल 77.33 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। इस परियोजना के लिए अधिग्रहण की जाने वाले जमीन का मुआवजा ग्रामीण क्षेत्र में सर्किल रेट का चार गुणा और शहरों में सर्किल रेट का दो गुणा दिया जाना प्रस्तावित है।

### सब इंस्पेक्टर बनकर कर रहा था वसूली साथी सहित गिरफ्तार

**सोनीपत।** सब इंस्पेक्टर बनकर लोगों को डरा-धमका कर वसूली करने के आरोपी व उसके साथी को शहर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी सेक्टर-23 के पास वाहन चालकों से कागजात देखने के बहाने गाड़ी रुकवाकर वसूली करने का प्रयास कर रहे थे। सूचना पर शहर थाना पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया है। आरोपी पानीपत के गांव पूठर निवासी नरीन और राकेश वाले हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से नकली पिस्तौल भी बरामद की है। एक आरोपी पुलिस की वर्दी में था और फर्जी पहचान पत्र लिए थे। पुलिस टीम को सूचना मिली कि सेक्टर-23 के 100 फुट रोड पर दो युवक वाहन चालकों को डरा-धमका कर वसूली कर रहे हैं। उनमें एक पुलिस की वर्दी में हैं। सूचना के बाद शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

## बारात में डोगा बंदूक से चली गोली, मचा हड़कंप

- मुंह पर लगे छर्रे लगने से आईटीआई का छात्र घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

रोहतक के गांव बहलंभा से गांव मदीना में आई बारात में डोगा बंदूक से अचानक गोली चल गई। गोली के छर्रे बारात में आए आइटीआई के छात्र के मुंह पर लगे और वह घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब बारात में दूल्हा फेरों की रस्म के लिए दुल्हन के घर तरफ जा रहा था और बाराती नाच रहे थे। छात्र को गोली लगने से हडकंप मच गया।

गांव बहलंभा का संदीप अपने गांव के संदीप की बारात में 18 जनवरी को गांव मदीना में आया था। इसी दौरान मदीना में दूल्हे को फेरों के लिए ले जाया जा रहा था। रास्ते में बाराती नाच रहे थे और खुशी का माहौल था। इसी बीच गोली चल गई और संदीप के मुंह पर छर्रे लगे और वह घायल हो गया। इससे वहां पर हडकंप मच गया। संदीप महम स्थित आइटीआइ का छात्र है। उसे लहूलुहान हालत में पीजीआइ रोहतक ले जाया गया।

उस समय जब पुलिस बयान लेने गई तो वह अनफिट था। अब चिकित्सक द्वारा फिट फार स्टेटमेंट दिए जाने पर पुलिस ने उसके बयान दर्ज किए। उसने पुलिस को बताया कि दूल्हे अजय का पिता दलबीर बारात में डोगा बंदूक लेकर खड़ा था और अचानक गोली चल गई। उसके बाद क्या हुआ उसे कुछ पता नहीं। होश में आने पर वह पीजीआइ रोहतक में मिला। संदीप की शिकायत पर दलबीर के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया।

## खबर संक्षेप

### प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में प्रार्थना सभा आयोजित



**खरखौदा।** थाना खुर्द स्थित स्टैनफोर्ड विद्यालय में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में प्रार्थना सभा की गई। विद्यार्थियों ने भगवान श्री राम मंदिर का माडल, नाट्य कला, गीत, नृत्य ,सुभाषण, रंगोली गतिविधियों में सक्रिय होकर भाग लिया। छात्रों ने बड़े शानदार तरीके से श्री राम की बाल-लीलाएं एवं राम-लक्ष्मण-सीता के वनवास के संदर्भ वाले प्रसंगों को बड़ी सरल भाषा के साथ प्रस्तुत किया।

### भिगान में दो दिवसीय उत्सव का आयोजन



**गन्नौर।** अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भिगान गांव में दो दिवसीय उत्सव मनाया गया। रविवार को गांव के प्राचीन अंबिकानाथ महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। गाजे बाजे के साथ रंग बिरंगी परिधानों में सजी 1101 महिलाएं गांव की परिक्रमा करते हुए मंदिर पहुंची। इस दौरान जय श्री राम, हर हर महादेव आदि के जयकारे लगाये गये। यहां पर पूजा अर्चना के बाद रामचरित मानस पाठ शुरू किया गया।

### यातायात नियमों का उलंघन बर्दाश्त नहीं



**गोहाना।** पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) भारती डबास ने कहा कि यातायात नियमों की उलंघना बर्दाश्त नहीं होगी। पुलिस द्वारा नियमों का पालन करने को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। पुलिस के जागरूकता अभियानों से लोगों में जागरूकता आई है और गोहाना में सडक दुर्घटनाओं में पहले की अपेक्षा काफी कमी आई है। डीसीपी ने कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा नववर्ष के आगमन से ही बुलेट मोटरसाइकिल पर पटाखे छोड़ने, ब्लैक फिल्म और खतरनाक ड्राइविंग करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया हुआ है। पुलिस काम लोगों को सुरक्षा प्रदान करना और लोगों को जागरूक करके सडक दुर्घटनाओं व अपराधों में कमी लाना है।

### त्याग-बलिदान के प्रतीक थे ठाकुर रोशन : सेतिया



**गोहाना।** सोमवार को शहर के पुराना बस स्टैंड गोहाना स्थित संत नगर में आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया के निवास पर महान क्रांतिकारी ठाकुर रोशन सिंह की 132वीं जयंती पर समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मोर्चा के सदस्यों ने ठाकुर रोशन सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी।

मुख्य वक्ता डॉ. सुरेश सेतिया ने कहा ठाकुर रोशन सिंह महान क्रांतिकारी, अदम्य साहस, त्याग व संघर्ष के प्रतीक थे।

## विधायक सुरेंद्र पंवार के निवास स्थान पर भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हुआ हवन

# भगवान राम न्याय-सत्य के मार्ग पर चले: पंवार

### सुभाष चौक, चार मॉल महावीर मंदिर, अग्रवाल धर्मशाला सहित अन्य स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विधायक सुरेन्द्र पंवार ने कहा कि जीवन में राम के नाम का बहुत महत्व है। जीवन के हर पल और हर क्षण में राम नाम का चलन रहता है। भगवान श्री राम हमेशा न्याय व सत्य के मार्ग पर चले। विधायक सुरेन्द्र पंवार ने श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में बन रहे भगवान श्रीराम जी के भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर सेक्टर-15 स्थित निवास स्थान पर हवन यज्ञ में आहुति डाली। विधायक सुरेन्द्र पंवार ने कहा कि भगवान श्री राम अपने भक्त को सुख सौभाग्य प्रदान करते हैं। तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में भी लिखा है कि प्रभु के जितने भी नाम प्रचलित हैं उनमें श्रीफल देने वाला नाम राम का ही है। श्री राम नाम सबसे सरल और सुरक्षित है और इसके जप से लक्ष्य की प्राप्ति निश्चित रूप से होती है। इसके साथ ही विधायक सुरेन्द्र पंवार ने सुभाष चौक, चार मॉल महावीर मंदिर, अग्रवाल धर्मशाला सहित सहित अन्य स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। शोभा यात्रा व भंडारे का आयोजनः खरखौदा। अयोध्या में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में खरखौदा व क्षेत्र के विभिन्न गांवों में हवन यज्ञ, शोभा यात्रा व भंडारे का आयोजन किया गया। शहर में लगभग 50 मंदिरों को सजाकर भजन कीर्तन किए गए। शाम के समय सभी मंदिरों में दीप जलाकर खुशियां मनाई गई। इस मौके पर भाजपा नेत्री मीना नरवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शहर के सब्जी मंडी से लेकर शहर में शोभायात्रा निकाली गई। वहीं ब्राह्मण दरवाजे के पास स्थित मैदान में ब्राह्मण समाज द्वारा हवन यज्ञ कराकर भंडारे का आयोजन किया गया। फिर जय श्री राम के जयकारे के साथ पूरे शहर में झांकियां निकाली गई। ढोल नगाड़े व आतिशबाजी के साथ श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा निकाली। शहर के बुच्चेश्वर मंदिर में हवन यज्ञ के बाद भंडारा हुआ। छपडेश्वर मंदिर में भी शाम को हजारों दीए जलाकर पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर अयोध्या वासी महंत राम बहादुर दास ने कहा कि यह प्रभु श्री राम का ही प्रताप है। जिससे प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में प्रत्येक व्यक्ति के दिल में उल्लास भरा है। यह खुशी इसी क्षेत्र के लोगों के बीच ही नहीं, बल्कि पूरे देश के नागरिकों में है। भाजपा नेत्री मीना नरवाल ने कहा कि लंबे इंतजार के बाद अयोध्या में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा व भव्य मंदिर का निर्माण करने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। इस मौके पर एडवोकेट मनीष नरवाल, भाजपा नेता सुनील सरोहा, सीमा कश्यप, सुनील पांचाल व अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।



**सोनीपत।** विधायक सुरेन्द्र पंवार निवास स्थान पर हवन में आहुति डालते हुए।



**गन्नौर।** अखंड रामायण पाठ के समापन यज्ञ में आहूति डालते देवेंद्र कादियान।



हवन में आहुतियां डालते श्रद्धालु व दीयों से बनाई जय श्रीराम की आकृति।



**खरखौदा।** शोभायात्रा निकलते भाजपाई व अन्य श्रद्धालु। *फोटो :हरिभूमि*

### भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बनना हमारा सौभाग्य : देवेंद्र कादियान

**गन्नौर।** अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बजाना कला स्थित बाबा समाध वाला मंदिर में चल रहा अखंड रामायण पाठ का समापन हवन यज्ञ के साथ हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि मन्नत गुरप आफ होटल्स चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने यज्ञ में आहुति देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई और मंदिर में विशाल भंडारा लगाया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने कहा कि आज का दिन बहुत ही सुखदाई है। हम सौभाग्यशाली हैं कि अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के हम सभी साक्षी बन गए हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर अजित पहलवान, राजबीर शास्त्री, प्रेम सिंह, महंत छत्तरपुरी, पं. धर्मबीर, यशपाल कादियान, रमेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### गांव धनाना का शिव मंदिर 1100 दीपकों से जगमग



**गोहाना।** अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर गांव धनाना में प्राचीन सिद्ध पीठ शिव मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया। सायं के समय मंदिर में घी के 1100 दीये जलाए गए। दीयों की रोशनी से पूरा मंदिर जगमग हो गया। श्रद्धालुओं में दीयों से जय श्रीराम की आकृति बनाई और जय श्रीराम के नारों से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। इसी के साथ स्थित माता शीतला के मंदिर में भी 101 दीये जलाए गए। सोमवार का दिन देशवासियों के लिए बेहद खास रहा। अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह को पूरे देश में एक त्योहार के रूप में मनाया गया। सायं के समय मंदिरों में दीये जलाए गए। इस क्रम में गांव धनाना स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ शिव मंदिर में भी 11 सौ दीये जलाए गए। दीयों की जगमगाहट से दीपावली जैसा दृश्य दिखाई दिया। मंदिर में पुजारी राजेश शास्त्री, कृष्ण शास्त्री, बलवान शास्त्री, जितेंद्र शास्त्री और मोहित द्वारा रामायण का अखंड पाठ किया गया और हवन करवाया गया। हवन में पं. सीता राम, सरपंच प्रतिनिधि अनिल जाटायन, नवीन, राजेश सोनी, नेत्रपाल, सतीश उर्फ नान्हा जाटायन और पं. अनिल और अनिल जाटायन मुख्य यजमान रहे। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष कुलदीप शर्मा, लोस विस्तारक दिनेश, विस विस्तारक राजेश काजल, जिला पार्षद तकदीर नरवाल, पं. बिजेंद्र शास्त्री, डॉ. राममेहर राठी, जगदीश जाटायन, नरेंद्र, बरोदा थाना एसएचओ रमेश चंद्र, पं. रिंकू, सुनील प्रजापति व सहित अन्य ग्रामीण व्यक्ति मौजूद रहे।

## शोभायात्रा निकालकर मनाया उत्सव

- नांगल कला गांव के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में किया हवन
- मार्केट कमेटी के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप व लोगों ने दी आहुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष पर नांगल कला गांव में हवन यज्ञ किया गया। हवन में भाजपा नेता एवं मार्केट कमेटी के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप नागल के अलावा ग्रामीणों ने आहुति डाली। मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा पर भगवा रंग से रंग गए।

चारों ओर राम नाम की गूंज रही। पूर्व अध्यक्ष कुलदीप नंगल ने कहां की राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में आज दीपावली का माहौल है। राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को कहीं भोग तो कहीं शोभायात्रा निकालकर उत्सव मनाया जा रहा है। बाजार में व्यापारिक संगठनों द्वारा दुकानों के बाहर श्रीराम की ध्वजा लगाई गई है। इसके साथ ही दीपावली की तरह बाजारों में एलईडी लाइटें लगाई गई हैं। मंदिरों को लाइटें व फूलों से सजाया है।



राई। भाजपा नेता एवं मार्केट कमेटी के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप नागल हवन यज्ञ में आहुति डालते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### जरूरतमंदों को वस्त्र और स्कूल बैग वितरित किए



**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन ने अपने वस्त्र वितरण अभियान के तहत सोमवार को मोहन नगर सोनीपत में पुराने वस्त्र व स्कूल बैग जरूरतमंद लोगों व बच्चों को बांटे। संस्था के चेयरमैन वाईके त्यागी व प्रधान संजय सिंगला ने बताया की लोगों से अपील करी थी कि वो अपने पुराने वस्त्र, जूते या अन्य सामान संस्था के पास जमा करा दे ताकि जरूरतमंद लोगों को यह दिया जा सके। दौरान महावीर शर्मा, एडवोकेट अरविन्द मित्तल, संजय वर्मा, संजीव अग्रवाल, सतीश बाल्याण, दीपक सिंगला आदि मौजूद रहे।

## भगवान राम सनातनियों के आदर्श

- प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के उपलक्ष में के में भक्तों ने किया हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के उपलक्ष में राई के शिव मंदिर में सुबह विधि विधान से पूजन के पश्चात हवन समापन हुआ।भाजपा जिला उपाध्यक्ष व निगम पार्षद पुनीत राई ने भक्तों के साथ हवन किया और प्रभु श्री राम की पूजा अर्चना की। हवन पूजन के बाद विशाल भंडारे का भी आयोजन किया। लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया और जय श्री राम के नारे लगाए। पुनीत त्यागी ने कहा कि आज का दिन हर भारतवासी के लिए बड़े ही गर्व का दिन है, क्योंकि आज हमारे भगवान राम अपने जन्म स्थान पर बने भव्य मंदिर में आ गए हैं। उन्होंने कहा कि भगवान राम प्रत्येक भारतीय और विश्व में व्याप्त सनातनियों के आदर्श हैं। इस अवसर पर, मनोज त्यागी ,मोंटी वाल्मीकि, सुमित वाल्मीकि, सतीश वाल्मीकि, मोनू पांचाल, नरेश पांचाल, रविकांत ,संजय, प्रदीप शर्मा, राकेश कौशिक ,मनीष, ललित, खेमचंद शर्मा, विशाल कौशिक, रवीन कौशिक, प्रमोद शर्मा, शोरव त्यागी, छोटे लाल,अनिल त्यागी, गुड्डु, संजीव त्यागी, प्रवेश शर्मा, प्रतीक, अंकित कौशिक, सागर, मोहित ,अशोक कौशिक आदि शामिल हुए।



**राई।** हवन में आहुति डालते जिला उपाध्यक्ष एवं निगम पार्षद पुनीत राई।



**राई।** भाजपा की जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सोनिया मोर व कर्नल अशोक मोर हवन यज्ञ में सामग्री आहुति डालते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने का आह्वान

राई। प्रदेश के एकमात्र खेल स्कूल राई में कल से शुरू हुए अखंड रामायण पाठ के समापन के साथ हवन यज्ञ करके मनाया गया भगवान राम का प्राण प्रतिष्ठा दिवस। समापन बीजेपी की जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सोनिया मोर द्वारा हवन यज्ञ में सामग्री आहुति डालकर किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में सोनिया मोर ने बच्चों को राम के चरित्र का अनुसरण करने व राम जैसा बेटा बनने को कहा। राई स्कूल के 700 बच्चों द्वारा एक स्वर में संपूर्ण गीता के श्लोकों का उच्चारण भी किया गया। खेल स्कूल के प्रधानाचार्य व निदेशक कर्नल अशोक मोर ने बताया कि हमारे बच्चे कल से रामायण का पाठ कर रहे हैं। सभी बच्चों को एक जगह एकत्र करके भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम लाइव दिखाया गया है। सारे स्कूल में 11 हजार दीपक जलाकर आज का दिन दिवाली के रूप में मनाया गया है।

## गांव दीपालपुर में होगा हनुमान व शनिदेव के भव्य मंदिर का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही दीपालपुर में संकटमोचन हनुमान जी व शनिदेव महाराज के भव्य मंदिर की निर्माण सोमवार को रख दी है। बहालढ़ रोड पर शिव शक्ति धाम में हवन यज्ञ में समस्त गांव के ग्रामीणों ने पहुंचकर यज्ञ का आयोजन किया, जिसमें मुख्य रूप से आंतिल बाराहा खाप के प्रधान एवं कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल शामिल हुए। दीपालपुर में संकटमोचन हनुमान व शनिदेव महाराज के मंदिरों के निर्माण की आधारशिला रखते हुए आंतिल बाराहा खाप के प्रधान एवं कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ने कहा कि गांव में हनुमान व शनिदेव का मंदिर नहीं था, जिसके श्रद्धालुओं के अपनी श्रद्धा के प्रति विभिन्न मंदिर में जाकर पूजा अर्चना करनी पड़ती थी, श्रद्धालुओं की परेशानी को देखते समस्त गांव ने निर्णय लिया कि गांव में हनुमान जी व शनिदेव महाराज जी के मंदिरों का निर्माण किया जाए। इस अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने आहुति डालते हुए गांव की सुख-समद्धि की कामना की।



आंतिल बाराहा खाप के प्रधान एवं कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल पूजा अर्चना करते हुए।



**राई।** जठेड़ी में राम मंदिर में पूजा अर्चना करते विधायक मोहनलाल बडोली , गांव के सरपंच योगेश जठेड़ी व समिति के सदस्य । *फोटो :हरिभूमि*

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह धूमधाम से संपन्न

राई। अयोध्या राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ है राई हल्के के गांव जठेड़ी मे बने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा धूमधाम से हुई। कार्यक्रम मे राई विधायक मोहनलाल बडौली, सरपंच योगेश, राजेंद्र रोकी व मुख्य पंडित विरेंद्र आदि ने हवन यज्ञ में आहुति डाली। पूजा अर्चना के बाद मंदिर परिसर में लगे भंडारे में गांव के अलावा आसपास के गणमान्य लोगों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेंद्र रोकी, कोषाध्यक्ष अरुण, राकेश, संदीप छोटू, दीपक को पंचायत द्वारा विशेष रूप से विधायक से सम्मानित करवाया गया। इस मौके पर अरुण, राकेश, संदीप, सत्यवान, सतीश, निट्टू,फाकड़नाथ, शिव नारायण, महेंद्र, राज प्रधान, समय पंच, मंजीत दहिया, रवि, अजय, जयवीर आदि मोजूद रहे।




**गोहाना।** प्रस्तुति देते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

### गुरु-शिष्यों ने किया भगवान श्रीराम का पूजन

**गोहाना।** शहर में गुढ़ा रोड पर स्थित जेएलएन स्कूल के अध्यापकों और अभिभावकों ने सोमवार को भगवान राम का पूजन किया। पूजन के लिए सानिध्य स्कूल की मैनेजर कृष्णा शर्मा का रहा संयुक्त अध्यक्षता स्कूल के एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। संयोजन स्कूल के सह निदेशक राज कुमार जांगड़ा के साथ उप प्राचार्य सूरत शर्मा ने किया। प्रतिमा के पूजन के पश्चात भगवान राम की स्तुति मधुर भजनों से की गई। प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने कहा कि पांच शताब्दी लंबे संघर्ष के उपरांत भगवान राम अयोध्या में नव्य, भव्य और दिव्य महल में विराजे हैं। रघुनंदन के अभिनंदन के लिए पूरा स्वर्ग धरा पर उतर आया है। जिस पर भी भगवान राम की कृपा दृष्टि हो जाती है, उसकी किस्मत संवर जाती है।

### प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण देखा

**गोहाना।** स्थानीय गीता विद्या मंदिर, गोहाना में सोमवार को अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया। समारोह का शुभारंभ विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष परमानंद लोहिया, कोषाध्यक्ष विनोद जैन, सदस्य डॉ. एस एन गुप्ता, विस्तारक अंकित व प्राचार्य अश्वनी कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया।समारोह में आचार्य रजनी, नीलम, मुनेश व रवीन्द्र बत्रा एवं विद्यार्थी पूजा, गरिमा, उमंग, हिना, रक्षिता, महक, तन्नु, दक्षिता, हर्षिता, वंशिका, प्रिंयका, अंश, नवनीत, जसक्रीत, तेजस, प्रतीक, लक्ष्य, कुनाल, दीपांशु और रियांशु प्रभु श्रीराम के भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी। शिक्षकों की प्रस्तुति से पूरा विद्यालय राममय बन गया।

### किलोहड़द में प्रारंभ किया एक पेड़ श्रीराम के नाम अभियान

# पर्यावरण को शुद्ध करने में अपना योगदान दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अयोध्या में श्री रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही सोनीपत के गांव किलोहड़द की भूमि से एक अनूठे अभियान की शुरूआत की गई है जो जिले में हरियाली लाएगा। अभियान के तहत भगवान श्री राम के नाम से हर गांव में एक पौधा लगाया जाएगा। ट्रीमैन देवेंद्र सूरा के नेतृत्व में शुरू किए गए एक पेड़ श्रीराम के नाम अभियान की शुरूआत किलोहड़द के स्टेडियम में एक पौधा रोप कर की गई।

गांव किलोहड़द के स्टेडियम से शुरू किए अभियान में पर्यावरण मित्रों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और बरगद का पौधा रोपकर अभियान की शुरूआत की। पर्यावरण मित्रों की तरफ से शुरू किए गए अभियान के उद्देश्य को जानकर ग्रामीणों ने खूब सराहना की। पौधरोपण में बाल पर्यावरण मित्र सनवी, आरव के साथ ग्रामीण सुरेंद्र, जयभगवान, जगदेव, राहुल, विशाल, सचिन, रोहित, सुमित छिक्कारा, मोहित व अन्य मौजूद रहे।



स्टेडियम में पौधा लगाकर एक पेड़ श्रीराम के नाम अभियान की शुरूआत करते पर्यावरण मित्र व ग्रामीण।

### रोजाना एक गांव का चयन

पर्यावरण मित्र मोहित ने बताया कि एक पेड़ श्रीराम के नाम अभियान के तहत जिले के सभी गांवों में एक-एक पौधा लगाया जाएगा। इसके लिए रोजाना एक गांव का चयन किया जाएगा। ट्रीमैन देवेंद्र सूरा ने बताया कि बढ़ता पर्यावरण प्रदूषण मानव जीवन के लिए खतरा पैदा कर रहा है। ऐसे में हर सबका कर्तव्य है कि भगवान श्रीराम के आगमन की पवित्र घड़ी में अपने घर के साथ पर्यावरण को शुद्ध करने में भी अपना योगदान दें। इसके लिए एक पेड़ श्रीराम के नाम लगाएं और उसका पालन-पोषण कर जिले को हरा-भरा बनाने में अपने कर्तव्य का निर्वहन करें।

### अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को मंदिरों में बड़ी स्क्रीन पर देखा लाइव प्रसारण

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ राममय हुआ गन्नौर भक्तों ने पूजा अर्चना कर लगाए जय श्रीराम के जयकारे



गन्नौर। विधायक निर्मल चौधरी प्राचीन शिव मंदिर में श्रीराम दरबार के समक्ष आरती करती हुई।



गन्नौर। नामकरण के बाद ढोल नगाड़ों की थाप पर थिरकते श्रीराम मार्केट के दुकानदार।



गन्नौर। मुख्य बाजार में आतिशबाजी करते गन्नौर व्यापार मंडल के पदाधिकारी व सदस्य।

■ राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जगह-जगह चौराहा पर लोगों पटाखे छोड़े और आतिशबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही गन्नौर शहर राममय हो गया। राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जगह-जगह चौराहा पर लोगों पटाखे छोड़े और आतिशबाजी की। मंदिरों में जगह-जगह एलईडी के माध्यम से प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण दिखाया गया। शहर के सभी मंदिरों को सजाया गया जिनमें धर्मिक अनुष्ठान आयोजित हुए। जगह-जगह हनुमान चालीसा के पाठ हुए और भंडारे भी लगाए गए। शहर के प्राचीन शिव मंदिर में विधायक निर्मल चौधरी ने प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण देखा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्गार भी सुने। इसके बाद विधायक निर्मल चौधरी व नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने राम दरबार के समक्ष आरती भी की और भगवान श्री राम का आशीर्वाद प्राप्त कर लोगों को बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। 500 वर्षों का सपना आज भारतवासियों का पूरा हुआ है। इससे लोगों में उर्जा का संचार होगा। विधायक निर्मल चौधरी ने कहा कि भगवान श्री राम की प्राणप्रतिष्ठा के अवसर पर गन्नौर क्षेत्र पूरी तरह से राम के रंग में रंग गया है। लोग महादीपावली की तरह इस उत्सव को मना रहे हैं। इस दौरान मंदिर में भंडारा भी आयोजित किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

#### मार्केट का नाम श्रीराम मार्केट रखा

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर पालिका के साथ लगते बाजार के दुकानदारों ने विधिवत तरीके से बाजार का नाम श्रीराम मार्केट रखा। नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी व मार्केट के प्रधान कश्मीरी लाल प्रजापति ने श्रीराम मार्केट के नाम लिखे बोर्ड को स्थानीय दुकानदारों को समर्पित किया। दुकानदारों द्वारा हनुमान चालिसा का पाठ करवाया गया और लोगों में भंडारे का प्रसाद भी वितरित किया। इस मौके पर मार्केट संरक्षक संदीप सिंघल, सचिव राजेंद्र मोर, कोषाध्यक्ष मोहित सैनी, वरिष्ठ उप प्रधान सतीश धीमान, उप प्रधान मोंटी राठी, विजय गोस्वामी, अश्वनी प्रजापति, नवीन शर्मा, सुनील त्यागी, दया सैनी, राकेश शर्मा, विजय राठी, सचिन वाधवा, हरीश मुदगल मौजूद थे।

#### शिव मंदिर पार्क में हुआ संकीर्तन

भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शहर के शिव मंदिर पार्क में द्वादशी संकीर्तन मंडल द्वारा श्रद्धालुओं को बड़ी स्क्रीन लगवान कर प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण दिखाया गया। इसके साथ ही संकिर्तन का भी आयोजन किया गया। संकीर्तन में श्रद्धालु भगवान श्रीराम व श्री श्याम महाराज के भजनों पर खूब झूमे। वहीं शहर में कदम कदम पर लोगों द्वारा भंडारा का प्रसाद भी बांटा गया।

#### व्यापार मंडल ने की आतिशबाजी

अयोध्या में भगवान श्री राम लाल के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर व्यापार मंडल गन्नौर द्वारा आतिशबाजी कर व प्रसाद वितरण कर खुशी मनाई गई। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष शेखर चंद जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप सिंघल, नंदलाल बत्रा, विद्या भूषण हसीजा, नरेश मित्तल, प्रवीण कामरा, रामभज, सुनील जैन, संजय गुप्ता, शालू, सुशील, राजेश चौहान, सुरेश चौहान, अजय मित्तल, संजय चुघ, मुकेश बंसल, दयानंद हसीजा आदि उपास्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### सिसाना के शिव मंदिर में रक्तदान शिविर

**खरखौदा।** सिसाना के प्राचीन शिव मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका आयोजन मंदिर कमेटी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मवीर दहिया थे। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर धर्मवीर दहिया ने कहा कि रक्तदान करने से न केवल स्वयं को लाभ पहुंचता है, बल्कि दूसरों का जीवन बचाने में भी हम सहायता करते हैं। रक्तदान शिविर में 94 लोगों द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में महावीर, जितेंद्र, नवीन, दीपक, जतिन जांगड़ा, प्रवीण, विजयपाल, रविंद्र, राहुल, गौरव, विकास, अजय ने सहयोग किया।

### जजपा नेता को मातृ शोक, दी श्रद्धांजलि

**सोनीपत।** जन नायक जनता पार्टी के जिला सोनीपत के जिला संगठन सचिव एवं व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रमेश गुप्ता की माता जी का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। रमेश गुप्ता के अनुसार माता जी की तेहरवीं दिनांक 01 फरवरी को उनके निवास स्थान हाउस नंबर 391 सेक्टर 10 ए गुरुग्राम पर होगी।

### नहर में मिला अज्ञात युवक का शव

**खरखौदा।** पाई माइनर में बरोना गांव के समीप लगभग 30 वर्षीय एक युवक का शव मिला है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर सोनीपत पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। शव की पहचान कराने के लेकर पुलिस प्रयासरत है।

## भगवाप राम के आदर्शों को अपनाने का लिया संकल्प




गोहाना। भगवान श्रीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए गुरुजन।

**गोहाना।** अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में सोमवार को शहर में सोनीपत रोड स्थित शेर सिंह पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षकों ने भगवान श्रीराम के आदर्शो को अपना कर एक उत्कृष्ट समाज के निर्माण में सहभागी बनने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम के लिए नेतृत्व स्कूल के एमडी महेंद्र सिंह मलिक का रहा। भगवान राम की समाज के प्रति मान-मयार्दाओं और आदर्शों के चलते ही उनको मयार्दापुरुषोतम की संज्ञा दी गई।

हम भगवान राम के पदि्चहनों पर चलते हुए उत्कृष्ट समाज व राष्ट्र के निर्माण में सहभागी बनना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य जयवीर सिंह रुहिल ने की। विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन रूप से कविता एवं चौपाई प्रतियोगिताएं भी करवाई गई।

## मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन मानव जाति के लिए आदर्श : निखिल



सोनीपत। भंडारे के दौरान प्रसाद वितरित करते हुए मेयर निखिल मदान।

**सोनीपत।** अयोध्या धाम राम मंदिर में सोमवार को भगवान श्री राम विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। इस अवसर पर सोनीपत में नगर निगम मेयर निखिल मदान ने सेक्टर 14 स्थित अपने कार्यालय पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। शहरवासी मेयर निखिल मदान के कार्यालय पर एकत्रित हुए और सभी ने विशाल एलईडी स्क्रीन पर प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम देखा। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न होने पर मेयर निखिल मदान द्वारा क्षेत्र वासियों को लड्डू बांटे गए और भंडारे का आयोजन किया गया। मेयर निखिल मदान ने कहा कि वह खुद को सौभाग्यशाली समझते हैं कि वो अपने जीवन में साक्षात रूप से राम मंदिर का निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम देख पाए। मेयर निखिल मदान ने कहा की मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जीवन हर देशवासी के लिए आदर्श है। इस अवसर पर मेयर निखिल मदान ने शहर के विभिन्न मंदिरों में चल रही राम कथा, सुंदर काण्ड के पाठ और भंडारों में भाग लेकर शहरवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी। साथ ही विभिन्न शोभा यात्राओं में हिस्सा लिया। मौके पर पूर्व सांसद धर्मपाल सिंह मलिक, सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, डिप्टी मेयर मनजीत गहलावत, निगम पार्षद सुरेंद्र नैयर, जाट शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेंद्र दहिया, पार्षद नीतू दहिया, भले राम जांगड़ा आदि मौजूद रहे।

## सैकड़ों सालों का सपना हुआ साकार



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा नेता तरुण देवीदास का स्वागत करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित कई कार्यक्रमों में भाजपा नेता तरुण देवीदास ने शिरकत कर जय श्री राम के नारे लगाए। शहर के मॉडल टाउन स्थित सनातन सभा मंदिर, गीता भवन मंदिर गायत्री परिवार मंदिर, कुटिया मंदिर, आदर्श नगर स्थित सदाशिव मंदिर, शिवा शिक्षा सदन मंदिर सहित दर्जनों मंदिरों में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की। भाजपा नेता तरुण देवदास ने कहा कि सैकड़ों साल पुराना सपना आज पूरा है, इसीलिये आज पूरे देश और विश्व के लिए गौरव का दिन है। संपूर्ण देशवासियों को 500 वर्षों के बाद यह सपना पूरी हुई है। भगवान राम हमसबों के लिए आदर्श हैं। उनके आदर्श पर चलकर ही हम देश का सर्वांगीण विकास कर सकते हैं।

## बाबा साहब का संविधान देश की रीढ़ : राजीव



सोनीपत। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजीव वर्मा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दलित पिछड़ा शोषित आवाज मंच द्वारा अपने कार्यालय में सोमवार को संविधान प्रस्तावना शपथ दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मंच के प्रदेशाध्यक्ष एवं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव राजीव वर्मा ने कहा कि बाबा साहब का संविधान देश की रीढ़ की हड्डी है। भगत सिंह, अशफाकुल्ला खां सभी कम्युनिस्ट देश भगत थे।

आज हमारा देश संविधान व विज्ञान को छोड़ कर धर्म को बढ़ावा दे रहा है, जबकि देश संविधान व विज्ञान से तरक्की करता है। इस मौके पर का. नरेंद्र बल्हारा, एडवोकेट रक्षा कुमारी, एडवोकेट प्रवीन नागर, नईम, इरफान व नरेश नैयर शामिल रहे।

## धान चोरी करने के आरोपितों से 59 हजार 750 नकदी की बरामद



■ गन्नौर पुलिस ने आरोपितों को रिमांड पर लिया

■ आरोपितों की धान चोरी के 14 मामलों में संलिप्तता सामने आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

धान चोरी करने की वारदात को अंजाम देने के आरोप में गिरफ्तार हुए तीनों आरोपितों का सोमवार को रिमांड समाप्त हो गया। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों की धान चोरी के 14 मामलों में संलिप्तता सामने आई। जिनमें गन्नौर थाना में 8 मामलों के अलावा बड़ी, बहालगढ़, सदर सोनीपत व समालखा थाना में 1-1 और दिल्ली के बवाना थाना में दो मामले शामिल हैं। क्राइम यूनिट गन्नौर की टीम ने आरोपितों से 59 हजार 750 रुपये नकद बरामद किए हैं। क्राइम यूनिट की टीम ने आरोपित बवाना, दिल्ली के रहने वाले रितेश उर्फ धर्मू व गन्नौर के शेखपुरा गांव के अजय उर्फ सोनू और सन्नी को अदालत में पेश किया। तीनों आरोपितों को थाना गन्नौर के सहायक उप निरीक्षक कृष्ण हुड्डा ने एक दिन के रिमांड पर ले लिया है।

## सर्वजन सेवा संस्थान ने गायों को खिलाया गुड़



गोहाना। ट्राली से गायों के लिए हरा चारा डालते हुए संस्थान के सदस्य।

**गोहाना।** सर्वजन सेवा संस्थान की टीम ने सोमवार को बेसहारा गायों को गुड़ और हरा चारा खिलाया। संस्थान के सदस्यों ने यह सेवा आयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर में मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में की। सर्वजन सेवा संस्थान पिछले कई सालों से क्षेत्र में बेसहारा गायों के संरक्षण की दिशा में काम का रहा है। संस्था द्वारा घायल गायों के लिए समय-समय पर उपचार, गर्मी के मौसम में पेयजल और हरे चारे की व्यवस्था की जाती है। इसी क्रम में संस्थान की टीम ने अपने अध्यक्ष सचिव पांचाल के नेतृत्व में नई सब्जीमंडी, पुरानी सब्जीमंडी, पानीपत रोड व अन्य स्थानों पर बेसहारा गायों के लिए हरे चारे का प्रबंध किया और गुड़ खिलाया। इस सेवा में रोहित, निशु, अंकित और तेजपाल ने अपना सहयोग दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 8295154800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### सरकार के खिलाफ की नारेबाजी, ज्ञापन सौंपा

## राम के वेष में लगाई न्याय की गुहार

■ जुआं के बीपीएल परिवार कर रहे हैं प्लॉटों पर कब्जा दिलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। सचिवालय के बाहर राम परिवार की वेशभूषा में ग्रामीण विरोध प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

लघु सचिवालय में दोपहर बाद उस समय अजीब सा माहौल बन गया। जब राम परिवार की वेशभूषा धारण किए लोग नारेबाजी करते हुए सचिवालय के सामने प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान भगवान राम, हनुमान का वेष धरे लोगों ने सरकार व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की, वहीं अन्य लोग हाथों में न्याय की मांग के स्लोगन लिखे हुए प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने किया। मामला जुआं गांव के बीपीएल परिवार की 100-100 गज के प्लॉटों पर कब्जे की मांग से जुड़ा हुआ है। इस दौरान जिला राजस्व अधिकारी हरिओम अत्री को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

तीन माह से जुआं के बीपीएल कार्ड परिवार लघु सचिवालय में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इनकी मांग है कि जो 100-100 गज के प्लॉटों की घोषणा की गई थी, उसे पूरा करते हुए प्लॉटों का कब्जा दिया जाए। इस मांग को लेकर कई बार अधिकारियों से मिलने के बावजूद जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो वे सब लघु सचिवालय के सामने धरने पर बैठ गए। इसी कड़ी में सोमवार को दोपहर बाद ग्रामीणों ने राम परिवार की वेशभूषा धारण कर विरोध प्रदर्शन शुरू किया। ग्रामीणों का नेतृत्व करते हुए जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने बताया कि पूरा देश राममय है तो ग्रामीणों ने फैसला किया कि आम लोगों की सुनवाई नहीं हो रही तो शायद राम बनकर सुनवाई हो जाएगी।

#### 3 माह से धरना जारी

इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि तीन माह से लगातार धरना जारी है। कड़कती ठंड में भी ग्रामीणों ने हौंसले के साथ धरना जारी रखा। इस दौरान कई बार ग्रामीणों की तबीयत भी बिगड़ी। इसके बावजूद धरना जारी रखा गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अधिकारी जानबूझ कर इस मामले में देरी कर रहे हैं। अगर अधिकारी सही मंशा के साथ काम करें तो कब्जा कार्रवाई 2-3 दिन में की जा सकती है। इस अवसर पर पूर्व सरपंच प्रदीप, मामन, रमेश, नानू, संदीप, प्रदीप, राजवीर, रोहतास, जगविंदर आदि उपस्थित रहे।

## शिवा शिक्षा सदन के बच्चों ने निकाली साइकलोथॉन



सोनीपत। शिवा शिक्षा सदन में राम परिवार की वेशभूषा में बच्चे।

■ शिवा शिक्षा सदन स्कूल में रामो-हम कार्यक्रम का आयोजन, बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

देव नगर स्थित शिवा शिक्षा सदन स्कूल में सोमवार को रामो-हम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुति दी। मुख्यातिथि के तौर पर सांसद रमेश कौशिक ने उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर विधायक मोहन लाल बड़ौली, पूर्व मंत्री कविता जैन, पूर्व चेयरमैन ललित बतरा, सीएम विंडों के समाधान सहयोगी तरुण देवीदास मौजूद रहे। कार्यक्रम के तहत दोपहर में भंडारे का भी आयोजन किया गया था। रंगारंग कार्यक्रम के उपरांत स्कूल के 530 बच्चों ने स्कूल से अग्रवाल धर्मशाला स्थित राम मंदिर तक साइकलोथॉन नाम से साइकिल रैली निकाली। जिसको अतिथियों ने हरी झंडी दिखाई। साइकलोथॉन का मंडी क्षेत्र में स्वागत किया गया। राम मंदिर में पहुंचकर बच्चों ने 1008 दीये जलाए व हनुमान चालीसा का समूह गान भी किया। अंत में स्कूल में दीये जगमग किए।